# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | पंचदश (बजट) सत्र
संख्या-07 | बुधवार, दिनांक-30 जनवरी, 2019 ई०।

**समय-10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.21 बजे अप० तक ।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 1.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

i- श्री अरुप चटर्जी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ, आसन द्वारा एक माह के भीतर इस विषय की गहन जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया,

ii- श्री शिवशंकर उरांव, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ, विषय की गम्भीरता को देखते हुए माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा एतद् सम्बन्धी मामले की जाँच विभाग के प्रधान सचिव, श्री सुखदेव सिंह से कराये जाने हेतु सदन को आश्वस्त किया गया,

iii- श्री निर्भय कुमार शाहाबादी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- श्री आलमगीर आलम स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

v- श्रीमती गंगोत्री कुजूर एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 2. राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि:-

आज दिनांक-30 जनवरी, 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें सदन में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## 3.कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव, श्री रवीन्द्रनाथ महतो एवं श्री अरुप चटर्जी से प्राप्त मनरेगा के तहत रोजगार देने तथा माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी तथा श्रीमती निर्मला देवी द्वारा देवघर स्थित हवाई अड्डे के विस्थापितों को नौकरी एवं मुआवजा दिये जाने सम्बन्धी कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा इन्हें अमान्य कर दिया गया।

## 4.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-04

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-03, | अ० सू०-64 | श्री राज सिन्हा, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-65 | श्री प्रदीप यादव, | स० वि० स०, |

क्र०पृ०उ०

अ० सू०-66 श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०।

(ख) **स्थगित मात्र-01,** अ० सू०-67 श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-97**

**(क) उत्तरित कुल-04,** तारां० -211 श्री ताला मराण्डी, स० वि० स०,

तारां० -212 श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,

तारां० -213 श्री मनोज कुमार यादव, स० वि० स०,

तारां० -214 श्री विकास कुमार मुण्डा, स० वि० स०।

**(ख) अनागत कुल-93,** तारां० -215 से 307 तक।

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी द्वारा सदन के बाहर अपनी विभिन्न माँगों को लेकर धरने पर बैठे दो पूर्व माननीय सदस्यों की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया। आसन द्वारा इसे सदन के बाहर का विषय बताते हुए सरकार द्वारा देखे जाने सम्बन्धी तथ्यों से सदन को अवगत कराया।)**

## <u>5.शून्यकाल :-</u>

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री दशरथ गागराई,
श्री राज कुमार यादव,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री नारायण दास,
श्री राज किशोर महतो,
श्री अमित कुमार मण्डल,
श्री केदार हजरा,
श्री रबीन्द्रनाथ महतो,
श्री कुणाल षडंगी (विषय को संज्ञान में लिया गया),
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री शिवशंकर उरांव,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्रीमती बिमला प्रधान एवं
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता।

## 6.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें(क्रमांक-01 से जारी):-

i- श्री मनीष जायसवाल, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- श्री नागेन्द्र महतो एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- श्री अनन्त कुमार ओझा, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

v- डॉ० इरफान अंसारी, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

vi- श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 7.वित्तीय कार्य:-

पुकारे जाने पर माननीय मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(02) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास प्रभाग), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य प्रभाग), ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज प्रभाग), पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, वन, पर्यावरणर एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सभा में प्रस्तुत किया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन के बाहर दो पूर्व माननीय सदस्यों द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया जिसपर माननीय मंत्री, श्री अमर कुमार बाउरी ने स्थिति स्पष्ट की।)

## 8.वित्तीय कार्य(क्रमांक-07 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी। इसके उपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री राधा कृष्ण किशोर,
श्री कुणाल षड़ंगी,
श्री आलमगीर आलम,
श्री भानू प्रताप शाही,

**(इस अवसर पर आसन द्वारा सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)**

एवं श्रीमती जोबा माँझी तत्पश्चात् खाद्य आपूर्त्ति एवं सार्वजनिक वितरण तथा उपभोक्ता मामले विभाग के माननीय मंत्री, श्री सरयू राय ने अपने विभाग की उपलब्धियों को सदन के समक्ष रखा तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा ने उत्तर

कृ०पृ०उ०

दिया। इसके बाद उपर्युक्त माँगें ध्वनिमत से सभा द्वारा स्वीकृत हुई तथा श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

## 9.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को निम्न सूचनायें दी गयीं-

(क) दिनांक-31.01.2019 को 07.30 बजे संध्या में माननीय राज्यपाल महोदया की ओर से उनके आवास पर प्रीतिभोज का आयोजन सभी माननीय सदस्यों के लिए किया गया है, अतएव उक्त तिथि को आयोजित माननीय मुख्यमंत्री-11 एवं माननीय अध्यक्ष-11 के बीच खेलगाँव में होनेवाले मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच को 05.30 बजे अप० में ही शुरू हो और ससमय समाप्त हो जाय एवं

(ख) दिनांक-31.01.2019 को भोजनावकाश के समय होनेवाली सामूहिक फोटोग्राफी में सभी माननीय सदस्यों को सम्मिलित होने हेतु पुनः स्मारित किया गया।

इसके बाद सभा की कार्यवाही **गुरूवार, दिनांक-31 जनवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न** तक के लिए स्थगित की गयी ।

राँची,
दिनांक- 30 जनवरी, 2019 ई०।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।